नामदफा राष्ट्रीय उद्यान

चांगलांग ज़िला प्रशासन ने नामदफा राष्ट्रीय उद्यान (NP) में बड़ी इलायची की खेती को अवैध घोषित कर दिया है।

नामदफा राष्ट्रीय उद्यान:

- **परिचय:**
  - नामदफा वास्तव में उद्यान से निकलने वाली एक नदी का नाम है और यह नोआ-देहिंग नदी से मिलती है।
  - नोआ-देहिंग नदी, ब्रह्मपुत्र की एक सहायक नदी है और राष्ट्रीय उद्यान के मध्य में उत्तर-दक्षिण दिशा में बहती है।
- **जलवायु:**
  - यहाँ की जलवायु उपोष्णकटिबंधीय है। पहाड़ी भाग में पर्वतीय प्रकार की जलवायु है, जबकि **निचले मैदानों और घाटियों में उष्णकटिबंधीय जलवायु पाई जाती है।**
- **भौगोलिक अवस्थिति:**
  - यह **अरुणाचल प्रदेश** राज्य में स्थित है और 1,985 वर्ग किमी में फैला हुआ है।
  - यह भारत-म्याँमार-चीन ट्राइजंक्शन के काफी करीब है।
  - यह उद्यान मिशिमी हिल्स के **दफा बम रेंज और पटकाई रेंज के बीच स्थित है।**
  - यह भारत का **चौथा सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है।**
    - पहले तीन लद्दाख में हेमिस नेशनल पार्क, राजस्थान में डेज़र्ट नेशनल पार्क और उत्तराखंड में गंगोत्री नेशनल पार्क हैं।
- **कानूनी स्थिति:**
  - इसे वर्ष 1983 में राष्ट्रीय उद्यान के रूप में स्थापित किया गया था और उसी वर्ष 1983 में इसे टाइगर रिज़र्व के रूप में घोषित किया गया था।
  - यह भारत में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में भी है।
- **जैवविविधता:**
  - इस संरक्षित क्षेत्र में 1000 से अधिक फूलों की और 1400 से अधिक जीव प्रजातियाँ हैं।
  - यह जैवविविधता हॉटस्पॉट का भी हिस्सा है।
  - यह दुनिया का एकमात्र उद्यान है **जहाँ बड़ी बिल्ली जैसी ही 4 समान प्रजातियाँ हैं,** जैसे कि टाइगर (पैंथेरा टाइग्रिस), तेंदुआ (पैंथेरा पार्डस), स्नो लेपर्ड (पैंथेरा अनाकिया) और क्लाउडेड लेपर्ड (नियोफेलिस नेबुलोसा)।
  - यह गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में भी प्रसिद्ध है जैसे नामदफा उड़ने वाली गिलहरी प्रजाति जिसे आखिरी बार वर्ष1981 में देखा गया था।
  - भारत में पाई जाने वाली एकमात्र 'लंगूर' प्रजाति हूलॉक गिबन्स इस राष्ट्रीय उद्यान में पाई जाती है।
- **वनस्पति:** वनस्पति उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों (उष्णकटिबंधीय वर्षा वन) की विशेषता है।

अरुणाचल प्रदेश में अन्य संरक्षित क्षेत्र:

- पक्के बाघ अभयारण्य
- मौलिंग नेशनल पार्क
- कमलांग वन्यजीव अभयारण्य
- ईटानगर वन्यजीव अभयारण्य
- ईगल नेस्ट वन्यजीव अभयारण्य



//

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. निम्नलिखित नेशनल पार्कों में से किस एक की जलवायु उष्णकटिबंधीय से उपोष्ण, शीतोष्ण और आर्कटिक तक परिवर्तित होती है??

(a) कंचनजंघा नेशनल पार्क
(b) नंदादेवी नेशनल पार्क
(c) न्योरा वैली नेशनल पार्क
(d) नामदफा नेशनल पार्क

उत्तर: (d)

प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये

1- नोक्रेक जीवमंडल रिज़र्व: गारो पहाड़ियाँ
2- लोगटक (लोकटक) झील: बरैल क्षेत्र
3- नामदफा राष्ट्रीय उद्यान: डफ्ला पहाड़ियाँ

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) कोई नहीं

उत्तर: (a)

व्याख्या:

- नोकरेक बायोस्फीयर रिज़र्व भारत के मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स ज़िले में तुरा पीक के पास स्थित है। नोकरेक में लाल पांडा की बची खुची आबादी है और यह एशियाई हाथियों का एक महत्त्वपूर्ण निवास स्थान भी है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- लोकटक झील उत्तर-पूर्वी भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है, जिस पर तैरती फुमडी (अपघटन के विभिन्न चरणों में वनस्पति, मिट्टी और कार्बनिक पदार्थों का विषम द्रव्यमान) के कारण इसे दुनिया की एकमात्र तैरती हुई झील भी कहा जाता है। यह भारत के मणिपुर राज्य में मोइरंग के

पास स्थति है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलति नहीं है।**

- बरेल असम की सबसे ऊँची पहाड़ी शृंखला है और यह मणपिुर राज्य को नगालैंड राज्य से पृथक करती है।
- नामदफा राष्ट्रीय उद्यान पूर्वी हमिालय जैववविधिता हॉटस्पॉट में सबसे बड़ा संरक्षति क्षेत्र है और पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश में स्थति है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान भी है। यह मशिमी पहाड़ियों की दफा बम श्रेणी और पटकाई श्रेणी के बीच स्थति है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलति नहीं है।**

अतः वकिल्प (a) सही उत्तर है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/namdapha-national-park